

# झाबुआ का गिरोह करता रहा रतलाम में वाहन चोरी

▸ चोरी की गई 9 मोटर साइकिल के साथ विकास सहित तीन नाबालिगों को गिरफ्तार



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** पुलिस ने बाइक चोरी करने की वारदातों के मामले में झाबुआ जिले के गिरोह का पर्दाफाश किया है। पुलिस के अनुसार बाइक चोरी के मामले में झाबुआ जिले के एक युवक गिरफ्तार कर उसके तीन नाबालिग साथियों को हिरासत में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से नौ बाइक जब्त की गई है। इनमें से सात बाइक रतलाम के स्टेशन और माणकचौक थाना क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों से तथा एक देवास से चुराई गई थी।

एएसपी विवेक कुमार लाल ने सोमवार शाम माणकचौक थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में बताया कि शहर के संत नगर से 06 फरवरी 2026 को फरियादी अशोक राठौर की होंडा शाइन बाइक (एमपी -43 डीवाय-1043) चोरी हुई। इसी प्रकार 17 फरवरी 2026 को ईदगाह रोड क्षेत्र से फरियादी प्रतिक बारिया की एचएफ डीलक्स बाइक (एमपी-43 डीडब्ल्यु-7296) तथा 26 फरवरी 2026 को संत नगर से फरियादी शैलेन्द्र सिंह डोडिया की सीडी डीलक्स बाइक (एमपी-43 एमबी 7277) अज्ञात चोर चुराकर ले गए थे। तीनों प्रकरणों में थाना माणकचौक पर अलग-अलग प्रकरण दर्ज कर विवेचना की जा रही थी। वाहन चोरों की गिरफ्तारी के लिए एसपी अमित कुमार के निर्देशन, एएसपी विवेक कुमार लाल के मार्गदर्शन व सीएसपी सत्येन्द्र घनघोरिया के नेतृत्व में शहर के थाने एवं सायबर सेल की संयुक्त टीम का गठन किया गया।

एसपी ने टीम को चोरी गई बाइकों को तलाश कर बरामद करने व आरोपियों को पकड़ने के लिए मुखबिर तंत्र सक्रिय करने, तकनीकी साक्ष्यों का एनालिसिस करने, शहर के बाइक चोरी हॉटस्पॉट पर विशेष निगरानी रखने एवं संदिग्ध वाहनों की चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए थे। टीम ने तकनीकी विश्लेषण, सायबर सेल की सहायता एवं क्षेत्र में संदिग्धों से पूछताछ की। वाहन चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को रानीसिंह क्षेत्र में चार संदिध (मुख्य आरोपी 25 वर्षीय विकास पिता लालु मचार निवासी ग्राम नवापाड़ा थाना थांदला जिला झाबुआ व तीन नाबालिग लड़के) बाइक के साथ मिले। उनके पास बाइक के दस्तावेज नहीं मिले। बाइक चोरी की होने की शंका होने पर उनसे पूछताछ की गई तो उन्होंने बाइक चोरी की होने तथा रतलाम शहर में विभिन्न स्थानों से अन्य बाइके चोरी करना स्वीकार किया। इसके बाद उनकी निशानदही पर जंगल मे छिपा कर रखी गई आठ और बाइक जब्त की गई।

**इनकी रही सराहनीय भूमिका:** माणकचौक थाना प्रभारी पतिराम डावरे, निरीक्षक सुरेन्द्रसिंह गडरिया, निरीक्षक प्रकाश गडरिया, निरीक्षक अमित कोरी, डीडी नगर थाना प्रभारी अनुराग यादव, एससाई विजय बामनिया, एपी सिंह, एएसआई बशील गणावा, प्रधान आरक्षक विकास बोरासी, नारायण सिंह जादोन, दिलीप रावत, निलेश पाठक, रवींद्रर शुक्ला, आरक्षक हेमन्त यादव, गोविन्द गेहलोद, सायबर सेल के एसआई जीवन बारिया, प्रधान आरक्षक मनमोहन शर्मा, लक्ष्मीनारायण सुर्यवंशी, हिम्मत सिंह, आरक्षक विपुल भावसार, मयंक व्यास, राहुल पाटीदार, तुषार सिसोदिया, मोरसिंह, महेश मईडा, राजेश पटेल, अभिषेक पाठक, रविचन्देल, राहुल मारु, अभय चौहान, सोनपाल, दीपकसिंह, हेमराज डामोर।

**ट्रेन व बाइक से आते थे**

पुलिस के अनुसार मुख्य आरोपी विकास अपने नाबालिग साथियों के साथ थांदला से ट्रेन में या अन्य बाइक से रतलाम आता था। वे शहर में इधर-उधर घूमते और सुनसान स्थान पर खड़ी बाइकों के ताले अपने स्तर पर खोलने का प्रयास करते, जिस बाइक का ताला खुल जाता उसे चुरा के ले जाते थे। वे चोरी की बाइके छिपाकर रखते थे और अलग-अलग समय अलग-अलग बाइक का इस्तेमाल करते थे।

# व्यवसायी अख्तर अली समेत 5 लोगों के खिलाफ धोखाधड़ी का प्रकरण

**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** शहर के बड़े व्यवसायी सैयद अख्तर अली और उनके भाई बहनों समेत कुल पांच लोगों के खिलाफ स्टेशन रोड थाने पर धोखाधड़ी का आपराधिक प्रकरण दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है कि इ खबरटुडे के रविवारीय स्तंभ राग रतलामी में उक्त व्यवसायी की आर्थिक स्थिति गडबडाने के स्पष्ट संकेत पहले ही दे दिए गए थे। अख्तर अली के खिलाफ धोखाधडी की शिकायत शहर के एक अन्य व्यवसायी विजय कटारिया ने दर्ज कराई है। पुलिस ने अख्तर अली परिवार के तीन पुरुषों व दो महिलाओं के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है, हांलाकि फिलहाल किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार फरियादी विजय पिता मांगीलाल कटारिया ने स्टेशन रोड थाने पर शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि चार वर्ष पूर्व 2021 में सर्वे क्रमांक 221 /1 और 221 /2 जो की 2 .2350 व 2 .2350 हेक्टेयर भूमि का सौदा पांच भाई बहन आरोपी अख्तर अली, अफसर अली, मोह्हबत अली, अलताब बी, फिरोज बी से 2 करोड़ 70 लाख रुपए में करार हुआ था। जिसका 90 लाख रुपए मेने बतौर एडवांस दिया था। करार के अनुसार बाकी का बचा हुआ पेमेंट दो वर्ष बाद रजिस्ट्री होने पर देना था। फरियादी जब भी अख्तर अली से रजिस्ट्री करवाने या 90 लाख रुपए देने का कहता तो आरोपी अख्तर टालमटोली कर देता और बहाने बनाने लग जाता। मामले को अब चार वर्ष बीत गए परन्तु अभी तक आरोपियों ने रजिस्ट्री नहीं कराई। पीड़ित फरियादी विजय ने पुलिस को शिकायत दर्ज की। पुलिस ने शिकायत के आधार पर दो महिला सहित पांच आरोपियों पर धोखाधड़ी का प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस जांच में सामने आया कि उक्त भूमि बेचान करार से पूर्व बैंक में गिरवी रख कर लोन लिया हुआ था। आरोपियों ने उसी दरमियान उक्त भूमि का बैंक लोन चूका दिया और आरोपी अफसर अली, मोह्हबत अली, अलताब बी, फिरोज बी ने छल करते हुए पूरी भूमि को अख्तर अली के नाम हक़ त्याग की रजिस्ट्री करवा दी। आरोपी अख्तर अली ने कुछ दिनों बाद उक्त भूमि बेटे मुर्तजा अली के नाम रजिस्ट्री करवा दी। मुर्तजा अली ने उक्त भूमि को एच डी एफ़ सी बैंक में रखकर फिर लोन ले लिया।

## एक नजर में

### जिला पंचायत सभाकक्ष में वीबी-जी रामजी अधिनियम 2025 पर मीडिया संवाद कार्यक्रम

**रतलाम।** जिला पंचायत सभाकक्ष में आयोजित मीडिया संवाद कार्यक्रम के अंतर्गत मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन द्वारा वीबी-जी रामजी अधिनियम 2025 के संबंध में विस्तृत प्रस्तुतीकरण किया गया। भारत सरकार के ग्रामीण विकास मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत 'विधेयक, 2025 का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के लक्ष्य के अनुरूप ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार एवं आजीविका सुरक्षा को सशक्त बनाना है। प्रस्तुतीकरण में बताया गया कि प्रत्येक ग्रामीण परिवार के इच्छुक वयस्क सदस्य को प्रति वित्तीय वर्ष न्यूनतम 125 दिनों का अकुशल रोजगार प्रदान किया जाएगा। यदि 15 दिनों के भीतर कार्य उपलब्ध नहीं कराया जाता है, तो नियमानुसार बेरोजगारी भत्ता देय होगा। मजदूरी का भुगतान 15 दिनों के भीतर अनिवार्य होगा तथा मजदूरी दर केंद्र सरकार द्वारा अधिसूचित की जाएगी, जो महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम, 2005 की निर्धारित दर से कम नहीं होगी। जल संरक्षण एवं जल सुरक्षा, ग्रामीण आधारभूत संरचना विकास, आजीविका संवर्धन संरचनाएँ, प्राकृतिक आपदा न्यूनीकरण कार्य सहित विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों को प्राथमिकता दी गई है। डिजिटल पारदर्शिता सुनिश्चित करने हेतु बायोमेट्रिक प्रमाणीकरण, डिजिटल मॉनिटरिंग, सोशल ऑडिट एवं साप्ताहिक सार्वजनिक प्रकटीकरण की व्यवस्था की गई है। वित्तीय साझेदारी के तहत केंद्र एवं राज्य के बीच 60:40 का अनुपात रहेगा, जबकि उत्तर-पूर्वी एवं हिमालयी राज्यों के लिए यह अनुपात 90:10 निर्धारित किया गया है। प्राकृतिक आपदा या महामारी जैसी आपात परिस्थितियों में अतिरिक्त रोजगार एवं राहत व्यवस्था के विशेष प्रावधान भी किए गए हैं। यह विधेयक ग्रामीण भारत को सशक्त, आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा, जिससे रोजगार सृजन के साथ आधारभूत ढांचे एवं आजीविका सुरक्षा को नई गति मिलेगी।

### इंस्पायर अवार्ड :सत्र 2025-26 चयनित अवॉर्डी सूची जारी, प्रतिशत से रतलाम प्रदेश में प्रथम

**रतलाम।** जिला शिक्षा अधिकारी अनिता सागर ने बताया कि इंस्पायर अवार्ड मानक योजना अंतर्गत सत्र 2025-26 में ऑनलाइन आइडिया अपलोड करने में 1078 स्कूलों के प्रतिभावान विद्यार्थियों ने 4669 आइडिया अपलोड करके प्रदेश में तीसरा स्थान प्राप्त किया था। अवार्ड चयन के मामले में 79 अवॉर्डी के साथ रतलाम जिला दूसरे स्थान पर रहा। जिले के सभी 70 संकुलों के शत प्रतिशत विद्यालयों से आइडिया अपलोड हुए और प्रतिशत के मान से जिले को प्रदेश में पहला स्थान मिला था वहीं देश में 43 वां स्थान प्राप्त हुआ । नेशनल इनोवेशन फाउंडेशन, अहमदाबाद द्वारा प्रदेश भर के सभी जिलों से कुल 1421 विद्यार्थियों को अवॉर्ड के लिए चयनित किया है। जिसमें प्रथम स्थान पर छिंदवाड़ा के 256, द्वितीय स्थान पर रतलाम जिले से 79, तृतीय स्थान पर सतना के 73 अवॉर्डी विद्यार्थियों का चयन हुआ है। रतलाम जिले से कुल 79 बाल वैज्ञानिकों का चयन जिला स्तरीय इंस्पायर प्रोजेक्ट प्रदर्शनी के लिए हुआ, जिसमें आलोट के 16 ,बाजना के 10, जावरा के 14, पिपलोदा के 8, रतलाम के 29 सैलाना के 2 बाल वैज्ञानिकों का चयन हुआ। इन सभी चयनित विद्यार्थियों के खाते में 10000 रूपये की राशि जमा होगी। ये बाल वैज्ञानिक अपने नवाचारी विचार को प्रोजेक्ट के माध्यम से जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रदर्शित करेंगे। जिला शिक्षा अधिकारी एवं इंस्पायर नोडल अधिकारी अनिता सागर ने बताया कि ब्लॉक और संकुलों में नियुक्त विज्ञान शिक्षकों की मेहनत का परिणाम 79 अवॉर्डी नवाचारी बाल वैज्ञानिकों के चयन के रूप में परिणीत हुआ हैं। सभी अवॉर्डी बाल वैज्ञानिको को बधाई देते हुए जिला स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रोजेक्ट कॉम्पिटिशन में अपने नवाचारी विचार को प्रभावी प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी । सहायक संचालक राहुल मंडलोई, सहायक नोडल अधिकारी एडीपीसी अशोक लोढ़ा, जिला विज्ञान अधिकारी सह योजना अधिकारी जितेंद्र जोशी, सहायक विज्ञान अधिकारी स्वतंत्र क्षोत्रिय, आई टी समन्वयक मुकेश ठन्ना, डीवीसी योगेश पाल ने इस उपलब्धि पर सभी विज्ञान शिक्षकों और विद्यार्थियों को हर्ष के साथ शुभकामनाएं दी ।

### भक्तों ने खेली सांवलिया सेठ के साथ होली

**जावरा।** शास्त्री कॉलोनी स्थित श्री साँवलिया सेठ मंदिर पर रंगारंग फाग महोसव का आयोजन हुआ। मंदिर समिति सदस्य निलेश जोशी ने बताया रंगारंग फागोत्सव में श्रद्धालुओं ने श्री साँवलिया सेठ को गुलाल से होली खिलाकर उत्सव मनाया। उत्सव के अंतर्गत श्री साँवलिया सेठजी का अद्भुत आकर्षक श्रृंगार भी किया गया। साथ ही श्री खाटू श्याम का भी आकर्षक दरबार आकर्षण का केंद्र रहा। भजन गायक गगन शर्मा व म्यूजिकल पार्टी ने अपने सुमधुर रंगारंग आज बिरज में होली रे रसिया, चल खेले साँवरे से होली, रंग मत डारे रे सांवरिया जैसे भजनों से भक्तो को रिझाया। इस भक्तिमय वातावरण के साथ ही श्री मारुति महिला मण्डल की मात्र शक्तियो एवं भक्तो ने रंग महोत्सव में नृत्य कर श्री श्याम के साथ होली खेलकर फागोत्सव मनाया। अंत मे भक्तजनों का श्री शिवशक्ति मारुति व श्री साँवलिया सेठ मंदिर समिति ने आभार माना।

## छात्रों ने प्रतियोगिताओं में की सहभागिता

**रतलाम।** चौपाल सागर द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में शासकीय माध्यमिक विद्यालय खाराखेड़ी के विद्यार्थियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में सहभागिता कर उल्लेखनीय उपलब्धियाँ अर्जित कीं। संस्था के नरेन्द्रसिंह पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था प्रधान सुश्री ललिता कुशवाह के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों द्वारा सोशल मीडिया विषयक नाटिका का प्रभावशाली मंचन किया गया। नाटिका में माही, प्रियंका, रचना, शिवानी, अक्षरा, सविता, तमन्ना, दीपिका, पवित्रा, अर्चना, खुशी, पायल एवं गौरी ने सहभागिता की, जिसे उपस्थित दर्शकों ने सराहा। इसके अतिरिक्त विद्यार्थियों ने फैंसी ड्रेस, समूह नृत्य एवं एकल नृत्य प्रतियोगिता में उत्साहपूर्वक भाग लिया। आयोजन समिति की ओर से प्रतिभागी विद्यार्थियों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मरीजों को फूड बास्केट बांटे

**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संध्या बेलसरे ने बताया कि क्युब रूट फॉण्डेशन (लेबड जावरा राज्यमार्ग टोल प्लाजा-बिलपांक) द्वारा प्रधानमंत्री टी बी मुक्त भारत अभियान के तहत जिले में सी एस आर एक्टीविटी के तहत 50 फुड बास्केट जिला क्षय अधिकारी डॉ अभिषेक अरोरा द्वारा प्रदान किए गए । इस क्रम में टीबी मरीजो को फ़ूड बास्केट का वितरण कार्यक्रम फीवर क्लिनिक जिला चिकित्सालय रतलाम में किया गया। पोषण आहार वितरण कार्यक्रम में डी पी एम श्रीमती अर्चना राठौर, जिला क्षय अधिकारी डॉ अभिषेक अरोरा, कार्यक्रम समन्वयक जय सिंह सिसोदिया, लेबड क्यूब रूट संस्था जावरा राज्यमार्ग टोल प्लाजा बिलपांक से नवनीत रावल, अर्जित दास तथा क्षय नियंत्रण कार्यक्रम का स्टॉफ उपस्थित था।

## होली दहन की संध्या पर उड़ा उत्साह का रंग



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम।** होली पर्व की उमंग और सामाजिक सौहार्द के संदेश के साथ इस वर्ष भी डागा परिवार के तत्वावधान में होली दहन की संध्या पर भव्य होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में शहर के जनप्रतिनिधि, व्यापारी बंधु एवं अनेक गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

कार्यक्रम का आयोजन श्री रामबाग परिसर, गढ़केलाश मंदिर के समीप संपन्न हुआ। आगंतुक अतिथियों का पारंपरिक रूप से रंग-गुलाल लगाकर स्वागत किया गया। आयोजन स्थल पर स्नेहभोज एवं ठंडाई की विशेष व्यवस्था की गई, जहां उपस्थित सभी जनों ने आपसी प्रेम, सौहार्द और भाईचारे के साथ पर्व का आनंद लिया। समारोह का वातावरण रंगारंग एवं पारिवारिक रहा। आपसी मिलन और आत्मीयता ने आयोजन को विशेष बना दिया। कार्यक्रम के आयोजक पूर्व महापौर एवं भाजपा इंदौर ग्रामीण प्रभारी शैलेन्द्र डागा, आदित्य डागा एवं अर्पित डागा ने सभी आगंतुकों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सामाजिक एवं सांस्कृतिक परंपराओं को आगे बढ़ाने के लिए ऐसे आयोजनों की निरंतरता बनाए रखना आवश्यक है। आयोजन में उपस्थित महिला सदस्यों का स्वागत श्रीमती पूजा डागा एवं श्रीमती राधिका डागा द्वारा रंग-गुलाल लगाकर किया गया। कार्यक्रम के समापन पर सभी अतिथियों को रंग-गुलाल के पैकेट उपहार स्वरूप प्रदान किए गए। होली मिलन समारोह में बड़ी संख्या में शहरवासी उपस्थित रहे और उत्सव का भरपूर आनंद लिया। उक्त जानकारी पूर्व महापौर व माहेश्वरी समाज अध्यक्ष शैलेंद्र डागा ने दी।



## आरडीए को 25 करोड़ का कर्ज की स्वीकृति पर ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कैबिनेट मंत्री काश्यप को दिया धन्यवाद

**रतलाम।** आरडीए को 25 करोड़ का ऋण स्वीकृत होने पर रतलाम नगर के ट्रांसपोर्ट व्यवसायियों ने कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप से भेंट कर उनका स्वागत कर धन्यवाद ज्ञापित किया। ऋण स्वीकृति से बजट की कमी से अटकी ट्रांसपोर्ट नगर सहित रतलाम विकास प्राधिकरण की अन्य योजनाओं को अब गति मिलेगी। इससे रतलाम के विकास का मार्ग प्रशस्त होगा ।

ट्रांसपोर्ट नगर सहित रतलाम विकास प्राधिकरण की सभी योजनाओं को गति देने के लिए कैबिनेट मंत्री श्री काश्यप लगातार प्रयासरत थे। ऋण स्वीकृति के लिए उनके द्वारा कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय से चर्चा की गई थी, ऋण स्वीकृत होने पर श्री काश्यप ने श्री विजयवर्गीय को धन्यवाद ज्ञापित किया है। गौरतलब है कि ट्रांसपोर्ट नगर की योजना रतलाम के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। इससे शहर विकास को नई गति ही नहीं मिलेगी, वरन रोजगार के अवसर भी निर्मित होंगे। ट्रांसपोर्ट नगर के साथ-साथ आरडीए की अन्य योजनाएं भी ऋण मिलने से आगे बढ़ेगी। काश्यप के सम्मान के दौरान ट्रांसपोर्ट व्यवसायी वीरेंद्र श्रीमाल, प्रदीप छिपानी, अशोक कटारिया, धन्नालाल जैन, तेज कुमार श्रीमाल, हेमंत अरोड़ा, पवन आर्य, शैतान सिंह, प्रशांत जैन, हर्ष कटारिया, आशीष मंडोत, राजेश बानाया आदि उपस्थित रहे।

## टीएल बैठक हुई ,कलेक्टर ने दिए निर्देश

**रतलाम।** कलेक्टर सभाकक्ष में कलेक्टर श्रीमती मिशा सिंह की अध्यक्षता में समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में सीएम हेल्पलाइन, समयावधि पत्रों, समाधान पोर्टल एवं अन्य विषयों पर विभाग वार समीक्षा कर विभाग प्रमुखों को आवश्यक निर्देश दिए गये । बैठक में सीईओ जिला पंचायत सुश्री वैशाली जैन, एडीएम डॉ. शालिनी श्रीवास्तव सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित थें। बैठक में कलेक्टर ने सीईओ जनपद को मनरेगा अंतर्गत गौशालाओं में निर्मित गोकाष्ठ का ग्रामीण क्षेत्रों में प्रभावी उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए । सीएमओ को नगरीय निकायों में सामाजिक संगठनों के सहयोग से गोकाष्ठ उपयोग सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने नगरीय क्षेत्रों में मुक्तिधामों में विद्युत शवदाह गृह की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। 'संकल्प से समाधान' अभियान के अंतर्गत माह की 15 तारीख तक आवेदनों का निराकरण करने के निर्देश दिए गए।

## आरोप : निजी नर्सिंग कॉलेज भारी-भरकम और डरा धमका कर रहे वसूली

▸ सैलाना विधायक डोडियार ने सदन में उठाया मामला

**नवभारत न्यूज**

**सैलाना।** विधायक कमलेश्वर डोडियार ने विधानसभा के सदन में उच्च शिक्षा से जुड़ा बड़ा मुद्दा उठाते हुए सैलाना और रतलाम में संचालित निजी नर्सिंग कॉलेजों पर गंभीर आरोप लगाए।

उन्होंने कहा कि इन कॉलेजों में छात्रों से फीस के नाम पर भारी-भरकम राशि डराकर और धमकाकर वसूली जा रही है। विधायक ने बताया कि पिछले तीन-चार वर्षों से छात्रों की परीक्षाएं तक नहीं कराई गई हैं और न ही उन्हें आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराए गए हैं। इससे सैकड़ों विद्यार्थियों का भविष्य अधर में लटक गया है।

उन्होंने दोषी संस्थानों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए एफआईआर दर्ज करने की मांग की। रावटी में सरकारी कॉलेज भवन और आर्ट्स संकाय की मांग सदन में विधायक ने रावटी में शासकीय कॉलेज भवन निर्माण तथा आर्ट्स संकाय शुरू करने की मांग भी जोरदार तरीके से उठाई। उनका कहना था कि क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के लिए बाहर जाना पड़ता है, जिससे आर्थिक बोझ बढ़ता है।

### बाजना कॉलेज में साइंस स्ट्रीम शुरू करने की मांग

इसी तरह बाजना के कॉलेज में विज्ञान (साइंस) संकाय शुरू करने की मांग रखते हुए उन्होंने कहा कि विज्ञान विषय के अभाव में विद्यार्थियों को दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। सैलाना में कृषि महाविद्यालय खोलने की मांग विधायक ने सैलाना में कृषि महाविद्यालय खोलने की भी जोरदार मांग की। उनका कहना था कि यह क्षेत्र कृषि प्रधान है और यहां कृषि शिक्षा संस्थान खुलने से युवाओं को स्थानीय स्तर पर बेहतर अवसर मिलेंगे। विधानसभा में उठे इन मुद्दों के बाद अब सरकार की कार्रवाई पर सबकी नजरें टिकी हैं।



## 37 मतों से मुकेश राठौर अध्यक्ष निर्वाचित

**नवभारत न्यूज**

**जावरा।** राठौर समाज में अध्यक्ष पद के चुनाव प्रत्येक 2 वर्ष में होते हैं, इस वर्ष भी अध्यक्ष के चुनाव में दो उम्मीदवार आमने-सामने थे, जिसमें मुकेश राठौर तोलकांटा ने अपने प्रतिद्वंद्वी नंदकिशोर राठौर सिसोदिया को 37 मतों से हराकर अध्यक्ष पद का चुनाव जीता। कुल 156 मत में से मुकेश को 96 मत मिले, वही नंदकिशोर को 59 मत मिले, एक मत निरस्त हुआ।

चुनाव में मुकेश के प्रस्तावक मांगीलाल राठौर, श्याम एवं नन्दकिशोर राठौर के प्रस्तावक (बैठक में) जगदीश राठौर थे। चुनाव जीतने के बाद मुकेश कांटा बाट का कहना है कि समाज मे चल रहे विकास कार्यों को आगे बढ़ाऊंगा एवं समाज की जाजम पर जो निर्णय होगा वही मान्य करूंगा। मुकेश को विजय बनाने में मुख्य भूमिका पूर्व अध्यक्ष महेश राठौर सेलिब्रेशन, मांगीलाल राठौड़, वर्तमान अध्यक्ष जगदीश सोलंकी, पवन परमार, संतोष बोराणा, मुकेश राठौर, पप्पू भैया, रामलाल राठौर, रमेशचंद्र सोलंकी, कमल सिंघल, दिनेश राठौर, कमल गुरुकृपा, विजय राठौर, संजय राठौर, राकेश राठौर, सन्नी राठौर, बद्रीलाल राठौर पत्रकार,दिनेश सोलंकी, अशोक राठौर, लखन राठौर, राकेश राठौर, मुकेश राठौड़ आदि का सराहनीय सहयोग रहा। जानकारी कोषाध्यक्ष विकास राठौर ने दी।

**एक नजर में** ▸ विभिन्न प्रकार की रंगोलियां बनाई और की गई आकर्षक विद्युत सज्जा भी

## दर्जनों स्थानों पर होली का दहन, कल मनेगी धुलंडी



**नवभारत न्यूज**

**रतलाम/जावरा।** शहर में होली पर्व हर्षोल्लास और परंपरागत तरीके से मनाया गया। सोमवार को शहर में छोटे-बड़े चार दर्जन से ज्यादा स्थानो पर होली का दहन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

लोगों ने दहन के बाद एक-दूसरे को सुखे रंग और गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। सोमवार दोपहर से ही नगर में होली के आसपास विभिन्न प्रकार की रंगोलियॉ बनाई गई व आकर्षक विद्युत सज्जा भी की गई थी। शाम होते ही महिलाओं ने बरबुले, कंडे और लकड़िया चढ़ाकर होली माता की पुजा की। नगर के प्रमुख नरसिंगपुरा, पिपली बाजार, घंटाघर चौराहा, जवाहर पथ, कोठी बाजार, गुन्नाचौक, गांधी कॉलोनी, शास्त्री कॉलोनी, महावीर कॉलोनी, सांवरिया कॉलोनी, बटालियन, शुक्रवारिया, इन्द्रा कॉलोनी, शीतलामाता गली, सोमवारिया, स्टेशन रोड़ आदि के साथ ही अन्य इलाकों में भी होली दहन का कार्यक्रम रात 10 बजे से देर रात्रि तक चला।

### ▸ सूखे रंगो से मनाएं होली

कल बुधवार को धुलेंडी का पर्व मनाया जाएगा। सूखे गुलाल से कुछ संस्थाओं ने होली खेलने का निर्णय लेते हुए लोगो से भी आव्हान किया है। होली के बाद धुलेंडी के दिन रंगों का असली मजा लोगों को देखने को मिलता है। यूं तो रंगों की खुमार लोगो में होली का दहन वाले दिन ही देखने को मिल जाती है लेकिन यह कम ही लोगो में होता है। शहर में रंग पंचमी का विशेष महत्व रहता है। शहर थाना प्रभारी ने बताया शहर के जिन स्थानों पर होली का दहन हो रहा है उन स्थानों पर पुलिस सुरक्षा रहेगी। जहां पास-पास में होली जल रही है वहां सिपाही तैनात करेगे, वहीं अन्य स्थानों पर कांस्टेबल ओर नगर सुरक्षा समिति के सदस्य भी मौजूद रहे। होली के दिन यही कोई शराब पीकर वाहन चलाता पाया गया तो उस पर भी कार्रवाई की जाएगी।